## मुख्य विशेषताएं - मार्च 2022

- एनएचपीसी ने 4 मार्च 2022 को वित्त वर्ष 2021-22 के लिए भारत सरकार को 933.61 करोड़ रुपये के अंतरिम लाभांश का भुगतान किया। सीएमडी, एनएचपीसी ने 10 मार्च, 2022 को विद्युत मंत्रालय और एनएचपीसी के वरिष्ठ अधिकारियों की उपस्थिति में श्री आर. के. सिंह, माननीय केंद्रीय विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री को लाभांश भुगतान बैंक एडवाइस प्रस्तुत की।
- सीएमडी, एनएचपीसी श्री एलो लिबांग, माननीय मंत्री स्वास्थ्य और परिवार कल्याण, समाज कल्याण, महिला एवं बाल विकास, सामाजिक न्याय, अधिकारिता और जनजातीय मामलें, अरुणाचल प्रदेश सरकार से 24.03.2022 को नई दिल्ली में मिले और उन्हें अरुणाचल प्रदेश में एनएचपीसी परियोजनाओं की स्थिति से अवगत कराया। माननीय मंत्री ने एनएचपीसी के प्रयासों की सराहना की और एनएचपीसी को अपने पूर्ण सहयोग का आश्वासन दिया।
- एनएचपीसी को 29 मार्च 2022 को नई दिल्ली में आयोजित वाटर डाइजेस्ट 'वाटर अवार्ड्स, 2021-2022' में 'बांध पुनरूद्धार परियोजना के सर्वश्रेष्ठ कार्यान्वयन' पुरस्कार से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार 280 मेगावाट धौलीगंगा पावर स्टेशन (उत्तराखंड) के बांध और अन्य घटकों के पुनरूद्धार हेतु है, जो 2013 में बाढ़ से क्षतिग्रस्त हो गया था।
- असम के माननीय मुख्यमंत्री श्री हिमंत बिस्वा सरमा ने 3 मार्च, 2022 को 2000 मेगावाट सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना का दौरा किया। माननीय मुख्यमंत्री ने परियोजना की चल रही निर्माण गतिविधियों में गहरी रुचि ली।
- प्रो. रीता बहुगुणा जोशी, माननीय संसद सदस्य (लोकसभा) की अध्यक्षता में संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उप समिति ने निगम मुख्यालय में किए जा रहे राजभाषा कार्यान्वियन के संबंध में दिनांक 04.03.2022 को एनएचपीसी के साथ निरीक्षण बैठक की। समिति के माननीय सदस्यों ने राजभाषा के कार्यान्वियन में एनएचपीसी द्वारा किए जा रहे प्रयासों की सराहना की।
- 2000 मेगावाट सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना की यूनिट #1 की 85 टन वजनी लोअर ब्रैकेट असेंबली को सफलतापूर्वक जनरेटर में स्थापित किया गया है।
- 500 मेगावाट तीस्ता-VI जल विद्युत परियोजना की कट ऑफ वॉल (चरण-I) को 14 मार्च 2022 को सफलतापूर्वक पूरा किया गया।
- 1000 मेगावाट पकल दुल जलविद्युत परियोजना के कंक्रीट फेस रॉक फिल बांध (सीएफआरडी) के निर्माण से संबंधित गतिविधियां 05.03.2022 को शुरू की गई।
- दिनांक 08.03.2022 को सभी कार्य स्थलों में अंतर्राष्ट्रीय महिला दिवस मनाया गया। इस अवसर पर दिनांक 8 से 9 मार्च, 2022 तक एनएचपीसी महिला कर्मचारियों के लिए दो दिवसीय कार्यशाला का भी आयोजन किया गया।

- वसंत के आगमन का स्वागत करने और भारतीय संस्कृति की समृद्धता और विविधता को प्रदर्शित करने के लिए, 13 मार्च, 2022 को आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत एनएचपीसी आवासीय परिसर, फरीदाबाद में बड़े उत्साह और उमंग के साथ 'वसंत उत्सव 2022' का आयोजन किया गया।
- राजभाषा विभाग द्वारा 22 से 23 मार्च, 2022 तक फरीदाबाद में दो दिवसीय अखिल भारतीय राजभाषा सम्मेलन का आयोजन किया गया।
- एनएचपीसी ने सीएसआर एवं एसडी नीति के अंतर्गत 25 मार्च, 2022 को हरियाणा पुलिस, फरीदाबाद को 5 पेट्रोलिंग वाहन प्रदान किए।
- एनएचपीसी के एथलीटों ने इंटर सीपीएसयू एथलेटिक टूर्नामेंट में 18 पदक (1 स्वर्ण, 7 रजत और 10 कांस्य पदक) जीते और एनएचपीसी ओवरऑल पोजीशन में दूसरे स्थान पर रही।
- एनएचपीसी के खिलाड़ियों ने 26वें इंटर सीपीएसयू बैडमिंटन टूर्नामेंट में भी शानदार प्रदर्शन किया और कई पदक जीते।
- मार्च माह, 2022 के दौरान कुल राजस्व संग्रह 418.95 करोड़ रुपए और वित्त वर्ष 2021-22 के दौरान कुल राजस्व संग्रह 9330.30 करोड़ रुपए किया गया है।
- वित्तीय वर्ष 2021-22 की समाप्ति तक एनएचपीसी के सभी पावर स्टेशनों का कुल संचयी विद्युत उत्पादन 24854.6 मि. यू. रहा।

## मुख्य विशेषताएं- फरवरी 2022

- एनएचपीसी को 31 दिसंबर 2021 को समाप्त नौ महीनों के लिए रु. 2978 करोड़ का कर उपरांत लाभ हुआ है जो की 31 दिसंबर, 2020 को समाप्त नौ महीनों के दौरान हुए लाभ रु. 2829 करोड़ से 5 प्रतिशत अधिक है।
- दिनांक 02 फरवरी, 2022 को अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी ने जम्मू व कश्मीर के माननीय उप राज्यपाल श्री मनोज सिन्हा से मुलाकात की और उन्हें जम्मू व कश्मीर में पकल दुल (1000 मेगावाट), किरू (624 मेगावाट), रतले (850 मेगावाट) और क्वार (540 मेगावाट) जलविद्युत परियोजनाओं में चल रही गतिविधियों से अवगत कराया। माननीय उप राज्यपाल इन जलविद्युत परियोजनाओं की प्रगति से प्रसन्न हुए और उन्होंने जम्मू व कश्मीर में सावलकोट जलविद्युत परियोजना (1856 मेगावाट) की शुरुआत के लिए गतिविधियों में तेजी लाने की सलाह दी है।
- अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी ने परियोजना में निर्माण गतिविधियों की प्रगति का आकलन करने के लिए दिनांक 5 से 6 फरवरी, 2022 तक सुबनसिरी लोअर परियोजना का दौरा किया। दौरे के दौरान, श्री तारिन डाकपे, माननीय विधायक (रागा), स्थानीय समुदाय के नेताओं और प्रशासन के साथ अरुणाचल प्रदेश में एनएचपीसी को सौंपी गई परियोजनाओं के कार्यान्वयन के बारे में चर्चा की। परियोजना के दौरे के दौरान, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी ने श्री प्रदान बरुआ, माननीय सांसद, लखीमपुर से मुलाक़ात की। माननीय सांसद ने कार्यों की प्रगति की सराहना की और परियोजना के लिए अपना समर्थन देने का आश्वासन दिया है।

- अरुणाचल प्रदेश के माननीय उप मुख्यमंत्री श्री चाउना मेंन ने श्री तेज ताकी, माननीय मंत्री, कृषि, बागवानी, पशुपालन और पशु चिकित्सा, डेयरी विकास, मत्स्य पालन, अरुणाचल प्रदेश, सरकार के साथ 6 फरवरी, 2022 को 2000 मेगावाट की एनएचपीसी सुबनसिरी लोअर परियोजना का दौरा किया। माननीय उप मुख्यमंत्री ने राज्य में एनएचपीसी की भावी परियोजनाओं में गहरी रुचि ली है और न केवल सुबनसिरी लोअर को पूरा करने के लिए बल्कि इन भावी परियोजनाओं में कार्य शीघ्र शुरू करने के लिए भी समर्थन देने आश्वासन दिया है।
- एनएचपीसी ने 8 फरवरी, 2022 को राजस्थान में 10000 मेगावाट नवीकरणीय ऊर्जा पार्क / परियोजनाओं के विकास के लिए राजस्थान रिन्युबल एनर्जी कॉर्पोरेशन लिमिटेड और राजस्थान ऊर्जा विकास निगम लिमिटेड के साथ आशय पत्र पर हस्ताक्षर किए हैं। इस अवसर पर राजस्थान के माननीय मुख्यमंत्री श्री अशोक गहलोत की गरिमामयी उपस्थिति रही।
- दिनांक 09 फरवरी, 2022 को श्री ज्ञानेश्वर पाटिल, माननीय सांसद (लोकसभा) खंडवा निर्वाचन क्षेत्र, मध्य प्रदेश हमारे निगम मुख्यालय आए। माननीय सांसद के साथ हुई भेंट में चर्चा मुख्य रूप से मध्य प्रदेश में सौर और पंप स्टोरेज परियोजनाओं की स्थापना के संबंध में हुई।
- अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी ने 18 फरवरी, 2022 को बुंदेलखंड सौर ऊर्जा लिमिटेड का दौरा किया और 65 मेगावाट की कालपी परियोजना के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।
- एनएचपीसी को वित्तीय रिपोर्टिंग में उत्कृष्टता के लिए आईसीएआई गोल्ड शील्ड और सर्वश्रेष्ठ वार्षिक रिपोर्ट प्रस्तुति के लिए एस.ए.एफ.ए सर्टिफिकेट ऑफ मेरिट से सम्मानित किया गया।
- एनएचपीसी ने 9 साल 8 महीने की अवधि के लिए 5.66% प्रति वर्ष की बहुत प्रतिस्पर्धी ब्याज दर पर 2000 करोड़ रुपए का सावधि ऋण प्राप्त किया है।
- फरवरी, 2022 माह के दौरान, हमारा 45 दिनों से अधिक का बकाया और अधिभार 945.51 करोड़ रुपए था, जो सभी मौजूदा पावर स्टेशनों की कमीशनिंग के बाद से अब तक का सबसे कम स्तर है।
- एनएचपीसी के एलीट स्पोर्ट्स स्कॉलरशिप प्राप्तकर्ता में से एक, सुश्री रीतिका ने बुल्गारिया के वेलिको टार्नोवो में आयोजित अंतर्राष्ट्रीय कुश्ती टूर्नामेंट में 72 किलोग्राम भार वर्ग में कांस्य पदक जीता है।
- सूचना और संचार अवसंरचना को उन्नत करने के लिए 22 फरवरी, 2022 को पूरे एनएचपीसी में इंटरनेट प्रोटोकॉल (आईपी) टेलीफोन सेवा शुरू की गई है।
- एनएचपीसी ने हिमाचल प्रदेश के चमेरा-I पावर स्टेशन के लिए इक्विटी पर रिटर्न के प्रतिभूतिकरण के लिए एचडीएफसी बैंक के साथ 24 फरवरी, 2022 को एक समझौते पर हस्ताक्षर किए हैं। चमेरा-I पावर स्टेशन के लिए 10 वर्षों के भावी नकदी प्रवाह के एवज में मुद्रीकरण समझौते से 1016.39 करोड़ रुपए का वर्तमान मूल्य प्राप्त हुआ है।

- निगम मुख्यालय में आज़ादी अमृत महोत्सव के अंतर्गत 'हिंदी कवि सम्मेलन' का आयोजन 24 फरवरी, 2022 को किया गया। इस अवसर पर, एनएचपीसी लिमिटेड के नए लोगो का अनावरण भी किया गया।
- एनएचपीसी महिला कल्याण संघ ने 5 फरवरी, 2022 को खोरी गांव, फरीदाबाद के पास समाज के जरूरतमंद वर्ग को कंबल वितरित किए।
- एनएचपीसी ने विभिन्न विधाओं के 67 अधिकारियों की भर्ती द्वारा अपने संगठन में नव ऊर्जा का संचार किया है।
- एनएचडीसी (एनएचपीसी और मध्य प्रदेश सरकार की संयुक्त उद्यम कंपनी) ने एनएचपीसी को 210.50 करोड़ रुपए का अंतरिम लाभांश का भुगतान 3 फरवरी, 2022 को प्रस्तुत किया।
- फरवरी, 2022 माह में कुल राजस्व संग्रह 428.82 करोड़ रुपए रहा।
- फरवरी, 2022 के अंत तक सभी एनएचपीसी पावर स्टेशनों का कुल संचयी उत्पादन 23050.2 एमयू रहा ।

## मुख्य विशेषताएं- जनवरी 2022

- एनएचपीसी ने "ओडिशा में विभिन्न जल निकायों पर 500 मेगावाट की फ्लोटिंग सौर परियोजनाओं के विकास" के लिए दिनांक 04.01.2022 को ग्रीन एनर्जी डेवलपमेंट कॉरपोरेशन ऑफ ओडिशा लिमिटेड (GEDCOL) के साथ प्रमोटर समझौते पर हस्ताक्षर किए।
- दिनांक 05.01.2022 को, अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी को माननीय केंद्रीय विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री श्री आर.के.सिंह को नई उपलब्धि के बारे में अवगत कराने का अवसर प्राप्त हुआ और एनएचपीसी के लिए उनका मार्गदर्शन मांगा।
- अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी हिमाचल प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री जय राम ठाकुर से दिनांक 23.01.2022 को शिमला (हिमाचल प्रदेश) में मिले और उन्हें 500 मेगावाट की डुगर जलविद्युत परियोजना की स्थिति के बारे में जानकारी दी। माननीय मुख्यमंत्रीजी ने एनएचपीसी से हिमाचल प्रदेश में विशेष रूप से रावी नदी में पंप स्टोरेज परियोजनाओं का क्रियान्वयन करने की संभावनाओं का पता लगाने का भी आग्रह किया है।
- अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी ने दिनांक 06.01.2022 से दिनांक 07.01.2022 तक 2000 मेगावाट की सुबनसिरी लोअर परियोजना दौरे के दौरान श्री प्रदान बरुआ, माननीय संसद सदस्य (लखीमपुर), असम ने एनएचपीसी को अपना पूरा सहयोग देने का आश्वासन दिया।
- अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी ने दिनांक 20.01.2022 से दिनांक 23.01.2022 तक 800 मेगावाट पार्बती-II परियोजना के दौरे के दौरान विभिन्न निर्माणाधीन साइट का निरीक्षण किया। 1000 मीटर से कम सुरंग खोदने के साथ, एनएचपीसी परियोजना के इस संकटग्रस्त घटक को पूरा करने के निकट पहुंच रहा है। अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी ने सेरी नाला डायवर्जन कार्य स्थल का भी दौरा किया। इस नाले की डायवर्जन की जिम्मेदारी रक्षा मंत्रालय (बीआरओ) द्वारा एनएचपीसी को सौंपी गई है।

- चमेरा पावर स्टेशन-I ने दिनांक 15.01.2022 के निर्धारित लक्ष्य से पहले दिनांक 12.01.2022 को हेड रेस टनल (एचआरटी) की मरम्मत और उसके बाद के भराव के कार्य को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया।
- 'आजादी का अमृत महोत्सव' के अंतर्गत एनएचपीसी कार्यालय परिसर, फरीदाबाद में दिनांक 03.01.2022 को 'संस्कृत संगम', गोरखपुर के कलाकारों ने महान स्वतंत्रता सेनानी के जीवन पर आधारित नाटक 'क्रांतिवीर आजाद' का मंचन किया।
- विज्ञान, इंजीनियरिंग और प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में अनुसंधान एवं विकास गतिविधियों को शुरू करने के लिए एनआईटी दुर्गापुर की सेवाओं का लाभ उठाने के लिए एनएचपीसी लिमिटेड और एनआईटी दुर्गापुर के बीच दिनांक 12.01.2022 को एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए।
- अन्य नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के साथ हाइड्रो पावर के संयोजन और सम्मिश्रण के लिए परामर्श कार्य मेसर्स प्राइस वाटरहाउस कूपर्स (पीडब्ल्यूसी) को सौंपा गया है। देश में जलविद्युत विकास को बढ़ावा देने के लिए नवीकरणीय ऊर्जा स्रोतों के साथ हाइड्रो पावर के संयोजन और रोडमैप के लिए दिनांक 19.01.2022 को पीडब्ल्यूसी के साथ उपयोगी प्रारंभिक विचार-विमर्श किया गया।
- एनएचपीसी ने दिनांक 24.01.2022 को नेताजी सुभाष चंद्र बोस की 125वीं जयंती मनाई।
- दिनांक 26.01.2022 को जिला प्रशासन फरीदाबाद ने “सैनेटाइजेशन” के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य के लिए एनएचपीसी को प्रशंसा पत्र प्रदान किया।
- 540 मेगावाट की क्वार जलविद्युत परियोजना के लिए पीआईबी की बैठक दिनांक 27.01.2022 को आयोजित की गई। परियोजना के लिए अंतिम सरकारी मंजूरी जल्द ही मिलने की उम्मीद है।
- डुगर जलविद्युत परियोजना(500 मेगावाट)के लिए ईपीसी निविदा दिनांक 31.01.2022 को जारी की गई है।
- जनवरी 2022 के महीने के दौरान,कुल राजस्व संग्रह 465.01 करोड़ रुपए था।
- जनवरी 2022 के अंत तक एनएचपीसी की सभी पावर स्टेशनों का कुल संचयी उत्पादन 22280.6 मिलियन यूनिट रहा है।
- एनएचपीसी आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस,मशीन लर्निंग और एडवांस्ड एनालिटिक्स जैसी इन-बिल्ट कुशल तकनीकों के साथ अंतर्निहित नवीनतम ईआरपी सिस्टम को शुरू कर रहा है। नए ईआरपी के कार्यान्वयन के लिए आरंभिक बैठक दिनांक 12.01.2022 को आयोजित की गई।
- बुंदेलखंड सौर ऊर्जा लिमिटेड (बीएसयूएल) द्वारा 29.01.2022 को यूपी पावर ट्रांसमिशन कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीपीटीसीएल) के साथ 65 मेगावाट कालपी सौर ऊर्जा के ऊर्जा निकासी के लिए पारेषण संयोजकता अनुबंध हस्ताक्षर किया गया।

## मुख्य विशेषताएं- दिसम्बर 2021

- कर्मचारी की स्थायी पूर्ण अक्षमता या मृत्यु के दुर्भाग्यपूर्ण मामले में मौद्रिक लाभ और सहायता देने के लिए 'एनएचपीसी कर्मचारी परिवार आर्थिक पुनर्वास योजना' प्रारंभ की गई है।
- एनएचपीसी को देश में जलविद्युत विकास में तेजी लाने और इन परियोजनाओं के विकास में तालमेल बढ़ाने के लिए, विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार ने अभी तक दोहन न की गई क्षमता के विकास के लिए केंद्र शासित प्रदेश जम्मू व कश्मीर और केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख का क्षेत्र आवंटित किया है।
- सुबनसिरी बेसिन में परियोजनाएं अर्थात 2000 मेगावाट सुबनसिरी अपर और 1800 मेगावाट सुबनसिरी मिडल को एनएचपीसी द्वारा एकल आधार पर विकसित किया जाएगा जबकि 10000 मेगावाट अपर सियांग और सियांग बेसिन में 2700 मेगावाट सियांग लोअर को संयुक्त उद्यम के माध्यम से विकसित किया जाना है।
- अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी ने दिनांक 29.12.2021 को नई दिल्ली में अरुणाचल प्रदेश के माननीय उप मुख्यमंत्री श्री चाउना मेंन से मुलाकात की और अरुणाचल प्रदेश में एनएचपीसी को आवंटित परियोजनाओं के शीघ्र कार्यान्वयन पर चर्चा की। माननीय उप मुख्यमंत्री ने एनएचपीसी को पूर्ण सहयोग देने का आश्वासन दिया है।
- अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी के हाल के नेपाल दौरा की अनुवर्ती कार्रवाई के लिए, एनएचपीसी के एक प्रतिनिधिमंडल ने नेपाल में अधिकारियों के साथ विचार-विमर्श किया। विद्युत उत्पादन कंपनी लिमिटेड (वीयूसीएल), नेपाल के साथ संयुक्त उद्यम के माध्यम से 480 मेगावाट की फुकोट करनाली और 1902 मेगावाट मुगु करनाली जलविद्युत परियोजनाओं को क्रियान्वयन करने के लिए तकनीकी वाणिज्यिक व्यवहार्यता का आंकलन किया जा रहा है।
- आंध्र प्रदेश सरकार ने राज्य में पंप स्टोरेज परियोजनाओं के विकास के एनएचपीसी के प्रस्ताव पर सकारात्मक प्रतिक्रिया दी है। राज्य सरकार ने 6600 मेगावाट की संस्थापित क्षमता वाली सात पंप स्टोरेज परियोजनाओं को आवंटित करने की सहमति प्रदान की है। इन परियोजनाओं को एनएचपीसी और राज्य सरकार के बीच एक संयुक्त उद्यम के माध्यम से विकसित किया जाएगा।
- 800 मेगावाट की पार्बती-II जलविद्युत परियोजना में एक महत्वपूर्ण विकास करते हुए, दिनांक 25.12.2021 को पंचा नाले के पानी को सफलतापूर्वक फीडर टनल में डाइवर्ट किया गया, इसे आगे हुरला नाला से एचआरटी में ले जाया गया। इस कार्य के पूर्ण होने पर तीनों नालों अर्थात मनिहार, पंचा और हुरला को अब सफलतापूर्वक एचआरटी में डायवर्ट कर दिया गया है।
- श्री प्रदान बरुआ, माननीय सांसद, लोकसभा, लखीमपुर निर्वाचन क्षेत्र, असम ने दिनांक 16.12.2021 को एनएचपीसी निगम मुख्यालय, फरीदाबाद का दौरा किया। अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी ने माननीय सांसद जी को एनएचपीसी सुबनसिरी लोअर परियोजना में किए जा रहे कार्यों की प्रगति और पूर्वोत्तर क्षेत्र में एनएचपीसी की अन्य गतिविधियों के बारे में अवगत कराया एवं इस क्षेत्र में जलविद्युत परियोजनाओं से हुई समृद्धि और सर्वांगीण विकास पर भी प्रकाश डाला।

- अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी ने दिनांक 31.12.2021 को श्री विजय सांपला, माननीय अध्यक्ष, राष्ट्रीय अनुसूचित जाति आयोग को एनएचपीसी की गतिविधियों के बारे में अवगत कराया। माननीय अध्यक्ष ने देश के दूरदराज के क्षेत्रों में विकास लाने में एनएचपीसी की भूमिका और एक समतामूलक समाज, जो हाशिए पर है, उन लोगों को सशक्त बनाने के लिए किए गए प्रयासों की सराहना की है।
- एनर्जी इंटेलिजेंस, एक स्वतंत्र यूएस कंसल्टिंग फर्म, जो एनर्जी मार्केट में विशेषज्ञता रखती है, ने विश्व की अपनी वार्षिक 'टॉप 100 ग्रीन यूटिलिटीज' की सूची प्रकाशित की जिसमें एनएचपीसी को शीर्ष 25 ग्रीन यूटिलिटीज में शामिल किया गया है।
- अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी ने दिनांक 8.12.2021 को 'निदेशकों के संस्थान' द्वारा आयोजित ऑनलाइन सम्मेलन 'पर्यावरण प्रबंधन और जलवायु परिवर्तन-2021' पर 22वीं विश्व कांग्रेस के दौरान 'बिजली क्षेत्र के लिए साइबर-सुरक्षित पारिस्थितिकी तंत्र बनाना' विषय पर एक सत्र को संबोधित किया।
- एनएचपीसी के निगम मुख्यालय में दिनांक 03.12.2021 को 'अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांग दिवस 2021 मनाया गया।
- भारत रत्न बाबा साहब डॉ. बी.आर. अम्बेडकर के 66वें महापरिनिर्वाण दिवस के अवसर पर पूरे एनएचपीसी में दिनांक 06.12.2021 को भावभीनी श्रद्धांजलि दी गई।
- एनएचपीसी और इंडियन सोसाइटी ऑफ इंजीनियरिंग जियोलॉजी (आईएसईजी) ने संयुक्त रूप से दिनांक 9.12.21 से 11.12.21 तक ''जियोटेक्निक में हालिया प्रगति'' पर एक अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन, 'ईजीसीओएन 2021' का आयोजन किया। सम्मेलन बेहद सफल रहा और सम्मेलन में कई प्रमुख विशेषज्ञों ने भाग लिया।
- आजादी का अमृत महोत्सव हमारे सभी स्थानों पर मनाया जा रहा है। हमने आप सभी में कार्यक्रमों के प्रति अद्भुत प्रतिक्रिया देखी है और मुझे विश्वास है कि आप भविष्य के कार्यक्रमों में भी उसी उत्साह के साथ भाग लेना जारी रखेंगे।
- दिनांक 21.12.2021 को पार्बती-II जलविद्युत परियोजना की यूनिट#2 के रिमोट ऑपरेशन के लिए एक परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा किया गया। पूरी तरह से लागू होने पर, यह दो पावर स्टेशनों के संचालन में बहुत अधिक तालमेल पैदा करने वाले एक ही स्थान से पार्वती-II और पार्वती-III परियोजनाओं के संचालन की सुविधा प्रदान करेगा।
- एनएचपीसी ने औपचारिक रूप से जेकेएसपीडीसी लिमिटेड से 1856 मेगावाट की सावलकोट जलविद्युत परियोजना का अधिग्रहण कर लिया है। इस संबंध में एनएचपीसी लिमिटेड और जेकेएसपीडीसी लिमिटेड के बीच जम्मू में दिनांक 11.12.2021 को एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए।
- एनएचपीसी ने विद्युत मंत्रालय के तत्वावधान में बीईई द्वारा आयोजित राष्ट्रीय स्तर की पेंटिंग प्रतियोगिता 2021 के तहत अरुणाचल प्रदेश, जम्मू और कश्मीर, सिक्किम, मणिपुर, लद्दाख और मध्य प्रदेश में राज्य / केंद्रशासित प्रदेश स्तर की पेंटिंग प्रतियोगिताएं आयोजित कीं।
- एनएचपीसी महिला कल्याण संघ द्वारा 'अंतर्राष्ट्रीय गीता जयंती महोत्सव 2021' मनाया गया।

- 624 मेगावाट की किरू जलविद्युत परियोजना ने दिनांक 31.12.2021 को नदी की दिशा मोड़ने का प्रमुख लक्ष्य हासिल किया।
- 2000 मेगावाट की सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना में निर्माण गतिविधियों को बढ़ावा देने के लिए, स्पिलवे बे एस2 की ट्रूनियन कंक्रीटिंग का कार्य पूरा कर लिया गया है और बे को रेडियल गेट निर्माण के लिए एचएम ठेकेदार को सौंप दिया गया है।
- दिसंबर 2021 के महीने के दौरान रु. 1018.31 करोड़ एकत्र किए गए। दिसंबर 2021 तक कुल राजस्व संग्रह रु. 7989.92 करोड़ रहा है।
- दिसंबर 2021 के अंत तक सभी एनएचपीसी पावर स्टेशनों का कुल संचयी विद्युत उत्पादन 21445.8 मिलियन यूनिट रहा है।
- एनएचपीसी परिवार में नवनियुक्त स्वतंत्र निदेशकों, डॉ. उदय सखाराम निर्गुडकर, डॉ. अमित कंसल, डॉ. रश्मी शर्मा रावल और श्री जीजी जोसफ का स्वागत है।

## मुख्य विशेषताएं- नवम्बर 2021

- एनएचपीसी ने 07 नवंबर, 2021 को अपना 47वां स्थापना दिवस मनाया। श्री आर.के. सिंह, माननीय केंद्रीय विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री जी ने राष्ट्र निर्माण में एनएचपीसी टीम के कार्य की सराहना की और हम सभी को संगठन के लिए उच्चतर लक्ष्य और उद्देश्य निर्धारित करने के लिए प्रोत्साहित किया।
- माननीय केंद्रीय मंत्री, विद्युत, नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा, श्री आर.के. सिंह ने 01.11.2021 को 1000 मेगावाट की पकल दुल जलविद्युत परियोजना के लिए नदी की दिशा बदलने संबंधी कार्यों का उद्घाटन किया।
- एनएचपीसी की सहायक कंपनी जल पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा कार्यान्वित की जा रही 120 मेगावाट की रंगित-IV जलविद्युत परियोजना का नदी की दिशा बदलने का कार्य भी 07.11.2021 को पूरा कर लिया गया है।
- अध्यक्ष एवं प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी ने व्यवसाय विकास विभाग की एक टीम के साथ व्यापार के अवसर तलाशने के लिए दिनांक 20.11.21 और 21.11.21 को नेपाल का दौरा किया। इस संदर्भ में नेपाल के माननीय प्रधान मंत्री, श्री शेर बहादुर देउबा, श्रीमती पम्फा भुसाल, माननीय मंत्री, ऊर्जा, जल संसाधन और सिंचाई मंत्रालय, नेपाल सरकार और श्री बिस्वनाथ पौडेल, उपाध्यक्ष, राष्ट्रीय योजना आयोग, नेपाल के साथ बैठकें आयोजित की गईं।
- विद्युत मंत्रालय और अरुणाचल प्रदेश सरकार के सहयोग से, 2880 मेगावाट की दिबांग परियोजना के लिए भूमि मुआवजे का मुद्दा हल हो गया है, जिससे इस मेगा परियोजना के निर्माण का मार्ग प्रशस्त हो गया है।
- चालू वित्त वर्ष की पहली छमाही में शुद्ध लाभ 2217 करोड़ रु. रहा है, जबकि पिछले वर्ष इसी अवधि के लिए 2021 करोड़ रू. था। इस प्रकार, इसमें लगभग 10% की वृद्धि दर्ज की गई।

- माननीय सांसद श्री राजीव रंजन सिंह (उर्फ श्री ललन सिंह) की अध्यक्षता में ऊर्जा संबंधी संसदीय स्थायी समिति ने 09.11.2021 को सुबनसिरी लोअर परियोजना के विभिन्न निर्माण स्थलों का दौरा और अब तक हुई प्रगति की सराहना की।
- 16.11.2021 को 'जल संरक्षण और जलवायु परिवर्तन पर अंतर्राष्ट्रीय वर्चुअल सम्मेलन 2021' के दौरान सीएमडी एनएचपीसी ने मुख्य वक्ता के रूप में अपने विचार रखे। इस सम्मेलन का आयोजन ग्लोबल काउंटर टेररिज्म काउंसिल द्वारा जल शक्ति मंत्रालय, भारत सरकार के सहयोग से किया गया ।
- एनएचपीसी ने अपने सीएसआर-एसडी कार्यक्रम के तहत 16.11.2021 को हिमाचल प्रदेश में सुजानपुर, जिला हमीरपुर और बिलासपुर सदर, जिला बिलासपुर के स्थानीय ग्रामीण निवासियों को स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान करने के लिए दो मोबाइल मेडिकल वैन शुरू की। हिमाचल प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री प्रोफेसर प्रेम कुमार धूमल ने इस नेक पहल की शुरुआत की।
- सलाल पावर स्टेशन (690 मेगावाट) ने पावर स्टेशन की कमीशनिंग के 34 साल पूरे होने पर दिनांक 20.11.21 को आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत "सलाल आईकॉनिक दिवस" का आयोजन किया।
- एनएचपीसी महिला कैरम टीम ने उत्तराखंड के ऋषिकेश में आयोजित 24वें अंतर सीपीएसयू कैरम टूर्नामेंट में सराहनीय प्रदर्शन किया ।
- प्रो. एन. के. रॉय के नेतृत्व में एनआईटी दुर्गापुर के एक प्रतिनिधि मंडल के साथ सीएमडी एनएचपीसी ने एनएचपीसी और एनआईटी दुर्गापुर के बीच सहयोग के अवसर तलाशने के लिए चर्चा की।
- आजादी का अमृत महोत्सव अभियान के हिस्से के रूप में, सीएस-XI और एनएचपीसी-XI टीमों के बीच दिनांक 20.11.2021 को एक दोस्ताना टी-20 क्रिकेट मैच आयोजित किया गया।
- बीईई, विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में एनएचपीसी जम्मू व कश्मीर और लद्दाख संघ शासित प्रदेशों के साथ-साथ सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश, मध्य प्रदेश और मणिपुर राज्यों में ऊर्जा संरक्षण पर राज्य स्तरीय चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन कर रहा है। इस प्रतियोगिता में कक्षा पाँचवी से दसवीं के छात्र भाग लेने के पात्र हैं।
- श्री बिश्वजीत बासु, निदेशक (परियोजनाएं) ने दिनांक 22.11.2021 को त्रिपुरा भवन, नई दिल्ली में श्री बृजेश पांडे, सचिव (विद्युत), त्रिपुरा सरकार से मुलाकात की और गुमटी जलाशय, अमरपुर, त्रिपुरा में फ्लोटिंग सौर उर्जा को विकसित करने के संबंध में चर्चा की।
- श्री आर.के. सिंह, माननीय केंद्रीय विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री, भारत सरकार ने उत्तराखंड के मुख्यमंत्री श्री पुष्कर धामी की उपस्थिति में उत्तराखंड के 8 जिलों के 478 स्कूलों और 5 जिलों के 28 स्वास्थ्य केंद्रों में पुनर्निर्माण कार्य के लिए उत्तराखंड आपदा प्रबंधन मंत्री श्री डी. एस. रावत को 22.5 करोड़ रूपए का चेक प्रदान किया। एनएचपीसी ने इस नेक काम में 1 करोड़ रुपए का योगदान दिया है।

- नवंबर, 2021 माह के दौरान कुल संग्रह 1022 करोड़ रुपए रहा। इस प्रकार, कुल राजस्व संग्रह 6966 करोड़ रूपए हुआ है।
- एनएचपीसी पावर स्टेशनों ने नवंबर माह में 1223.1 मिलियन यूनिट विद्युत का उत्पादन किया। नवंबर के अंत तक कुल विद्युत उत्पादन 20713 मिलियन यूनिट रहा है।

## मुख्य विशेषताएं- अक्तूबर2021

- माननीय मंत्री, विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा, भारत सरकार, श्री आर. के. सिंह ने हमारी सहायक कंपनियों चिनाब वैली पावर प्रोजेक्ट्स लिमिटेड(सीवीपीपीएल)और रतले हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड(आरएचपीसीएल)द्वारा कार्यान्वित की जा रही परियोजनाओं का दौरा किया और वहां चल रही गतिविधियों की समीक्षा की। माननीय मंत्री जी ने 390 मेगावाट दुलहस्ती पावर स्टेशन के बांध का भी दौरा किया। श्री एस. के. जी. रहाटे, अपर सचिव, विद्युत मंत्रालय और श्री रोहित कंसल, प्रधान सचिव(पीडीडी), जम्मू-कश्मीर सरकार दौरे के समय माननीय मंत्री जी के साथ उपस्थित थे।
-
- माननीय मंत्री, विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा, भारत सरकार, श्री आर. के. सिंह ने प्रतिकूल तापमान के बावजूद 15.10.2021 को एनएचपीसी के 330 मेगावाट किशनगंगा पावर स्टेशन के बांध स्थल गुरेज का दौरा किया तथा उन्होंने 2.4 मेगावाट डैम टो पावरहाउस के निर्माण स्थल का दौरा कर वहां की शोभा बढ़ाई।
- श्री बालशोरी वल्लभभनेनी, माननीय संसद सदस्य की अध्यक्षता में अधीनस्थ विधान समिति, लोकसभा ने 02.10.2021 से 06.10.2021 तक लेह का दौरा किया। माननीय समिति सदस्यों ने एनएचपीसी के साथ संवादात्मक सत्र आयोजित किए।
- श्री एन. के. प्रेमचंद्रन और श्री सुरेश पुजारी, माननीय सांसद और अधीनस्थ विधान संबंधी समिति, लोकसभा के सदस्यों ने 03.10.2021 को निम्मो बाजगो पावर स्टेशन का दौरा किया तथा सदस्यों ने इस दौरान 90 सेकंड की अवधि के भीतर रैंप अप और रैंप डाउन भी देखा।
- सीएमडी, एनएचपीसी ने 04.10.2021 को राजभवन, लेह में लद्दाख के माननीय उपराज्यपाल, श्री राधा कृष्ण माथुर से मुलाकात की और विशेष रूप से जलविद्युत और सौर परियोजनाओं में विभिन्न व्यावसायिक अवसरों पर चर्चा की । माननीय उपराज्यपाल महोदय ने केन्द्र शासित प्रदेश में हाइड्रोजन प्लांट स्थापित करने की संभावनाओं का पता लगाने का भी सुझाव दिया।
- सीएमडी, एनएचपीसी ने 04.10.2021 को श्री राम माधव, माननीय सदस्य बोर्ड ऑफ गवर्नर्स, इंडिया फाउंडेशन और सदस्य, राष्ट्रीय कार्यकारिणी, आरएसएस को हमारी ऊर्जा प्रणाली और देश के समग्र विकास में जलविद्युत की महत्वपूर्ण भूमिका के बारे में अवगत कराया ।

- श्री आलोक कुमार, सचिव (विद्युत), विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार ने 06.10.2021 और 07.10.2021 को पकल दुल (1000 मेगावाट), किरू (624 मेगावाट) और क्वार (540 मेगावाट) जलविद्युत परियोजनाओं में चल रही गतिविधियों की समीक्षा की।
- डॉ. जितेंद्र सिंह, माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार), पृथ्वी विज्ञान एवं विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्रालय, प्रधान मंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री, कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन, विभाग, परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष विभाग ने डोडा जिले के विभिन्न सुदूर गांवों में अपनी सीएसआर योजना के तहत एनएचपीसी द्वारा दिनांक 09.10.2021 को आयोजित मेगा हेल्थकेयर कैंप का उद्घाटन किया।
- सीएमडी, एनएचपीसी ने श्री भगवंत खुबा, माननीय केंद्रीय रसायन और उर्वरक और नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा राज्य मंत्री, भारत सरकार से दिनांक 23.10.21 को नई दिल्ली में मुलाकात की तथा इस दौरान एंस नदी (केंद्र शासित प्रदेश जम्मू और कश्मीर) और कर्नाटक में पंप स्टोरेज परियोजनाओं पर नई योजनाओं को शुरू करने पर चर्चा की।
- सीएमडी, एनएचपीसी ने उत्तराखंड के माननीय मुख्यमंत्री श्री पुष्कर सिंह धामी से दिनांक 27.10.2021 को देहरादून में मुलाकात की तथा राज्य में विकास के लिए एनएचपीसी को पहले आवंटित पांच जलविद्युत परियोजनाओं के कार्यान्वयन के लिए आगे की स्थिति के बारे में चर्चा की।
- दोलुंगमुख, जिला कामले, अरुणाचल प्रदेश से स्थानीय प्रतिनिधियों का एक प्रतिनिधिमंडल दिनांक 08.10.2021 को फरीदाबाद में सीएमडी, एनएचपीसी से मिला। तत्पश्चात प्रतिनिधिमंडल ने केंद्र शासित प्रदेशों जम्मू-कश्मीर और लद्दाख में स्थित विभिन्न एनएचपीसी पावर स्टेशनों का दौरा किया। उन्हें एनएचपीसी के पावर स्टेशनों द्वारा समग्र विकास और किए गए प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष लाभों का प्रत्यक्ष अनुभव हुआ।
- एनएचपीसी ने दिनांक 21.10.2021 को वित्त वर्ष 2020-21 के लिए भारत सरकार को 249.44 करोड़ रुपये के अंतिम लाभांश का भुगतान किया। । भुगतान सूचना एडवाइस श्री आर. के. सिंह, माननीय विद्युत और नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री को दिनांक 26.10.2021 को नई दिल्ली में श्री आलोक कुमार, सचिव (विद्युत), विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार एवं श्री एस.के.जी. रहाटे, अपर सचिव, विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार की उपस्थिति में सौंपा गया । वित्त वर्ष 2020-21 के लिए 890.85 करोड़ रूपए का अंतरिम लाभांश का भुगतान पहले 05.03.2021 को किया गया था। वित्त वर्ष 2020-21 के लिए भुगतान किया गया कुल लाभांश 1140.28 करोड़ रुपए है।
- एनएचपीसी के सीएसआर-एसडी योजना के अंतर्गत जिला सिविल अस्पताल (बी के अस्पताल), फरीदाबाद, हरियाणा, जिला अस्पताल, सिद्धार्थनगर, यूपी और सीएचसी, धारचूला, पिथौरागढ़, उत्तराखंड में क्रमश: 1000 एलपीएम (लीटर प्रति मिनट), 570 एलपीएम और 200 एलपीएम के तीन मेडिकल ऑक्सीजन उत्पादन संयंत्रों का 7 अक्टूबर 2021 को उद्घाटन किया गया। एनएचपीसी केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में तीन और ऑक्सीजन उत्पादन संयंत्र स्थापित कर रहा है।

- तमाम मुश्किलों के बावजूद 25.10.2021 को पार्बती-II परियोजना के पंचा नाला के फीडर टनल की सफल डे-लाइटिंग की गयी ।
- एनएचपीसी के सभी स्थानों पर 26 अक्टूबर से 1 नवंबर तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह 2021 को 'स्वतंत्र भारत @ 75: सत्यनिष्ठा से आत्मनिर्भरता' थीम के साथ मनाया गया। इस साल की थीम है।
- एनएचपीसी ने विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार के दिशा-निर्देशों के तहत 'अक्टूबर 2021' को राष्ट्रीय साइबर सुरक्षा जागरूकता माह के रूप में मनाया।
- एनएचपीसी ने 21-23 अक्टूबर 2021 तक पावर स्पोर्ट्स कंट्रोल बोर्ड के तत्वावधान में चंडीगढ़ में 25वें इंटर सीपीएसयू ब्रिज टूर्नामेंट की मेजबानी की।
- एनएचपीसी ने आजादी का अमृत महोत्सव के तत्वावधान में 22.10.2021 को नंगल में आयोजित भाखड़ा समर्पण दिवस समारोह में भाग लिया।
- आजादी का अमृत महोत्सव के तहत विभिन्न गतिविधियों का आयोजन इस महीने में एनएचपीसी के कई स्थानों पर किया गया ।
- 23 और 24 अक्टूबर 2021 को बहादुरगढ़, हरियाणा में आयोजित हरियाणा राज्य कुश्ती चैंपियनशिप में 72 किलोग्राम वर्ग में स्वर्ण पदक जीतने के लिए एनएचपीसी एलीट स्पोर्ट्स स्कॉलरशिप प्राप्तकर्ता सुश्री रीतिका की उपलब्धि की एनएचपीसी सराहना करती है।
- एनएचपीसी के अधिकारियों की एक टीम ने माननीय सांसद श्री संजय सेठ और श्री अविनाश कुमार, प्रमुख सचिव, ऊर्जा विभाग, झारखंड सरकार से दिनांक 27.10.2021 को रांची में मुलाकात की और झारखंड में विभिन्न जलाशयों में फ्लोटिंग सौर परियोजनाओं को शुरू करने और जलविद्युत विकास के लिए अन्य पहलों पर कार्य करने के लिए चर्चा की।
- अक्टूबर 2021 के दौरान, कुल राजस्व संग्रह 1303 करोड़ रु. हुआ ।
- एनएचपीसी के पावर स्टेशनों ने अक्टूबर के महीने में 2051 मिलियन यूनिट का उत्पादन किया, जो अक्टूबर में अब तक का सबसे अधिक है। अक्टूबर 2021 के अंत तक एनएचपीसी के सभी पावर स्टेशनों का कुल संचयी उत्पादन 19490 मिलियन यूनिट रहा।

## मुख्य विशेषताएं- सितंबर 2021

- एनएचपीसी के इतिहास में पहली बार बिजली उत्पादन एक तिमाही में 10000 एमयू पार कर गया।
- एनएचपीसी को इस वित्तीय वर्ष की पहली छमाही में 4639.00 करोड़ रुपये की प्राप्ति हुई है, जो की छमाही प्राप्ति का एक नया रिकॉर्ड है। एनएचपीसी ने सितंबर 2021 में अब तक का सबसे अधिक दैनिक और मासिक प्राप्ति भी हासिल किया।

- माननीय केंद्रीय मंत्री विद्युत तथा नवीन व नवीकरणीय ऊर्जा श्री आर.के. सिंह ने दिनांक 30.09.2021 को आयोजित एनएचपीसी की समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की, जिसमें प्रदर्शन तथा परियोजना समीक्षा के अलावा, मानव संसाधन, समझौता ज्ञापन और एनएचपीसी की भविष्य विस्तार योजना से संबंधित मुद्दों की गहन समीक्षा की गई । बैठक में माननीय विद्युत तथा भारी उद्योग राज्य मंत्री श्री कृष्ण पाल गुर्जर तथा विद्युत मंत्रालय एवं सीईए के वरिष्ठ अधिकारीगण भी उपस्थित थे ।
- एनएचपीसी की 45वीं वार्षिक आम बैठक (एजीएम) 29.09.2021 को वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित की गई।
- सीएमडी एनएचपीसी ने अरुणाचल प्रदेश के माननीय मुख्यमंत्री श्री पेमा खांडू और अरुणाचल प्रदेश के माननीय उपमुख्यमंत्री श्री चौना मेन से दिनांक 03.09.2021 को ईटानगर में मुलाकात की । बैठक के दौरान, दिबांग बहुउद्देशीय परियोजना के क्रियान्वयन में तेजी लाने के लिए चर्चा की गई और एनएचपीसी को नई परियोजनाएं आवंटित करने का भी अनुरोध किया गया ।
- सीएमडी, एनएचपीसी ने श्री रघुराज माधव राजेंद्रन, संयुक्त सचिव (हाइड्रो) के साथ सुबनसिरी लोअर प्रोजेक्ट का दौरा किया और कार्यों की प्रगति की समीक्षा की।
- सीएमडी, एनएचपीसी ने 18.09.2021 को सिक्किम के माननीय मुख्यमंत्री श्री प्रेम सिंह तमांग से गंगटोक में मुलाकात की और उन्हें एनएचपीसी की परियोजनाओं की स्थिति और तीस्ता-IV जलविद्युत परियोजना से संबंधित लंबित मंजूरी के बारे में अवगत कराया।
- दिनांक 20.09.2021 को सीएमडी, एनएचपीसी ने असम के माननीय मुख्यमंत्री श्री हिमंत विश्व शर्मा को सुबनसिरी लोअर जलविद्युत परियोजना की स्थिति से अवगत कराया।
- माननीय केंद्रीय विद्युत तथा भारी उद्योग राज्य मंत्री श्री कृष्ण पाल गुर्जर ने दिनांक 20.09.2021 को सलाल पावर स्टेशन का दौरा किया । माननीय मंत्री ने केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर की जलविद्युत क्षमता के दोहन में एनएचपीसी की भूमिका की सराहना की ।
- सीएमडी एनएचपीसी ने दिनांक 22.09.2021 को नई दिल्ली में श्री संतोष कुमार गंगवार, माननीय सांसद (लोकसभा) व अध्यक्ष, सार्वजनिक उपक्रम समिति से मुलाक़ात की। बैठक के दौरान उत्तराखंड में आगामी परियोजनाओं पर चर्चा हुई ।
- श्रीमती रमा देवी, माननीय सांसद (लोकसभा) की अध्यक्षता में लोकसभा की सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता संबंधी संसदीय स्थायी समिति ने श्रीनगर में अपने अध्ययन दौरे के दौरान विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार और एनएचपीसी के अधिकारियों के साथ बैठक की । डा. के. केशव राव, माननीय सांसद (राज्यसभा) की अध्यक्षता में उद्योग संबंधी विभाग संबंधित संसदीय स्थायी समिति ने श्रीनगर का दौरा किया और विद्युत मंत्रालय, भारत सरकार एवं एनएचपीसी के अधिकारियों के साथ चर्चा की ।

- श्री संतोष कुमार गंगवार, माननीय संसद सदस्य (लोकसभा) की अध्यक्षता में सार्वजनिक उपक्रम समिति (सीओपीयू) ने दिनांक 30.09.2021 को गुवाहाटी में अपने अध्ययन दौरे के दौरान "विद्युत क्षेत्र के सीपीएसयू द्वारा सीएसआर के तहत प्रदर्शन" विषय की जांच की और एनएचपीसी तथा अन्य विद्युत पीएसयू के अधिकारियों के साथ चर्चा की ।
- सीएमडी एनएचपीसी दिनांक 30.09.2021 को माननीय मंत्री, सूचना और प्रसारण मंत्रालय तथा युवा मामले और खेल मंत्रालय, श्री अनुराग सिंह ठाकुर से नई दिल्ली में मुलाकात की । बैठक के दौरान हिमाचल प्रदेश में जलविद्युत के विकास पर चर्चा हुई ।
- श्री गुरजीत सिंह औजला, माननीय संसद सदस्य (लोकसभा), ऊर्जा संबंधी स्थायी समिति के सदस्य ने दिनांक 30.09.2021 को एनएचपीसी कार्यालय का दौरा किया । सीएमडी एनएचपीसी ने माननीय सांसद के साथ हमारी व्यापार विस्तार योजनाओं, विशेष रूप से नवीकरणीय ऊर्जा के संबंध में विस्तृत चर्चा की ।
- एनएचपीसी द्वारा राजभाषा के क्षेत्र में किए जा रहे उत्कृष्ट कार्यों को व्यापक रूप से सराहा गया है। गृह मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा 'राजभाषा कीर्ति पुरस्कार' योजना के अंतर्गत वर्ष 2019-20 के लिए ‘क’ क्षेत्र में हमारी राजभाषा पत्रिका 'राजभाषा ज्योति' को 'राजभाषा कीर्ति पुरस्कार (गृह पत्रिका)' के तहत 'प्रथम पुरस्कार' से सम्मानित किया गया । एनएचपीसी को 'राजभाषा कीर्ति पुरस्कार' योजना के तहत राजभाषा के कार्यान्वयन में सराहनीय कार्य के लिए द्वितीय पुरस्कार से भी सम्मानित किया गया। माननीय केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह से 14 सितंबर, 2021 को नई दिल्ली में आयोजित हिंदी दिवस समारोह के दौरान एनएचपीसी की ओर से सीएमडी एनएचपीसी ने पुरस्कार प्राप्त किया ।
- डॉ. राजबीर सिंह, महाप्रबंधक (राजभाषा), एनएचपीसी को उनके लेख 'वेदों में पर्यावरण चेतना' के लिए 'राजभाषा गौरव पुरस्कार' प्रदान किया गया । 'राजभाषा गौरव पुरस्कार' उत्कृष्ट लेखों के लिए लेखकों को दिया जाने वाला सर्वोच्च पुरस्कार है । एनएचपीसी उन्हे बधाई देता है ।
- तीस्ता–V पावर स्टेशन को इंटरनेशनल हाइड्रोपावर एसोसिएशन (आईएचए) द्वारा प्रतिष्ठित “ब्लू प्लैनेट” पुरस्कार से सम्मानित किया गया है । यह पुरस्कार तीस्ता-V पावर स्टेशन को आईएचए के हाइड्रोपावर सस्टेनेबिलिटी एसेसमेंट प्रोटोकॉल (एचएसएपी) के ऑपरेशन स्टेज टूल का उपयोग करके 2019 में आईएचए के मान्यता प्राप्त लीड एसेसर्स की एक टीम द्वारा किए गए इसकी सस्टेनेबिलिटी एसेसमेंट के आधार पर प्रदान किया गया।
- इंडियन सोसाइटी ऑफ इंजीनियरिंग जियोलोजी (आईएसईजी) एनएचपीसी के साथ मिलकर “रिसेंट एडवांसिस इन जियोटेकनिक्स (ईजीसीओएन 2021)” विषय पर दिनांक 9 से 11 दिसंबर, 2021 तक एक अंतर्राष्ट्रीय सम्मेलन आयोजित कर रही है । सीएमडी एनएचपीसी ने इस सम्मेलन की वेबसाइट www.egcon2021.com का शुभारंभ किया ।
- आजादी का अमृत महोत्सव के तहत, एनएचपीसी के लोकेशनों पर कई कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।

- 1-15 सितंबर, 2021 तक एनएचपीसी में विभिन्न स्थानों पर हिंदी पखवाड़ा का आयोजन किया गया और इसमें हमारे कर्मचारियों की अच्छी प्रतिभागिता देखने को मिली।
- 17.9.2021 को एनएचपीसी के सभी स्थानों पर विश्वकर्मा पूजा का आयोजन और उत्सव मनाया गया।
- एनएचपीसी ने 23.09.2021 को इरेडा द्वारा आयोजित ई-रिवर्स नीलामी में सीपीएसयू योजना, चरण-II, भाग-III के तहत 44.90 लाख रुपए/ मेगावाट की वायबिलिटी गैप फंडिंग (वीजीएफ) पर 1000 मेगावाट क्षमता की सौर ऊर्जा परियोजना हासिल की।
- एनएचपीसी की सहायक कंपनी एलटीएचपीएल ने 22.09.2021 को 1251 करोड़ रुपए के अनुबंध मूल्य पर शेष सिविल कार्यों के निर्माण के लिए लॉट-II पैकेज प्रदान किया।
- सितंबर 2021 के अंत तक एनएचपीसी के सभी पावर स्टेशनों का कुल संचयी उत्पादन 17438 एमयू रहा।
- एक अनुभवी और बहुत ही सक्षम कंपनी सचिव, श्रीमति रूपा देब दिनांक 07.09.2021 को एनएचपीसी परिवार में शामिल हुई हैं।

## मुख्य विशेषताएं- अगस्त 2021

- चालू वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही के लिए एनएचपीसी का एकल शुद्ध लाभ पिछले वित्तीय वर्ष की पहली तिमाही में 723 करोड़ रूपए की तुलना में 26% की वृद्धि दर्ज करते हुए 912 करोड़ रूपए रहा ।
- माननीय केंद्रीय विद्युत और भारी उद्योग राज्य मंत्री, श्री कृष्ण पाल गुर्जर ने 23 और 24 अगस्त, 2021 को सुबनसिरी लोअर प्रोजेक्ट और डिब्रूगढ़ का दौरा किया तथा वहां चल रहे कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। माननीय मंत्री ने यूनिट # 1 की टर्बाइन असेंबली की शुरुआत के लिए आधारशिला रखी। माननीय मंत्री ने सुअर पालन, रेशम उत्पादन और हथकरघा के क्षेत्र में किसान-उत्पादक कंपनियों द्वारा आयोजित एक प्रदर्शनी को भी देखा । उन्होंने परियोजना के डाउनस्ट्रीम क्षेत्रों में आजीविका संबंधी गतिविधियों के लिए एनएचपीसी के प्रयासों की सराहना की ।
- दिनांक 20 अगस्त 2021 को अक्षय ऊर्जा दिवस के अवसर पर नेशनल सोलर एनर्जी फेडरेशन ऑफ इंडिया ने श्री ए.के.सिंह, अध्यक्ष व प्रबंध निदेश्क, एनएचपीसी को सौर ऊर्जा क्षेत्र के विकास में उनके योगदान के लिए सम्मानित किया। फेडरेशन ने एक मध्यस्थ के रूप में एनएचपीसी द्वारा प्रदान की गई 2000 मेगावाट सौर ऊर्जा परियोजनाओं हेतु पीपीए और पीएसए पर हस्ताक्षर करने के लिए और सीईआरसी द्वारा आगामी टैरिफ अपनाने में श्री ए.के.सिंह द्वारा किए गए अनुकरणीय प्रयासों को सम्मानित किया है।
- बोर्ड के सभी कार्यात्मक निदेशकों ने 6 से 8 अगस्त, 2021 तक सुबनसिरी लोअर प्रोजेक्ट / डिब्रूगढ़ का दौरा किया और साथ ही साथ अगस्त 2022 तक दो इकाइयों के लक्षित कमीशन के कार्यों की प्रगति की समीक्षा की ।
- अध्यक्ष व प्रबंध निदेश्क, एनएचपीसी ने 3 अगस्त, 2021 को नई दिल्ली में मणिपुर के माननीय मुख्यमंत्री श्री एन. बीरेन सिंह से तथा अरुणाचल प्रदेश के माननीय उप मुख्यमंत्री श्री चौना मेन से मुलाकात की।

- अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी ने 12 अगस्त, 2021 को सिक्किम के माननीय मुख्यमंत्री श्री प्रेम सिंह तमांग से नई दिल्ली में मुलाकात की और सिक्किम राज्य में एनएचपीसी परियोजनाओं की स्थिति से अवगत कराया।
- अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, एनएचपीसी ने 12 अगस्त, 2021 को माननीय सांसद (लोकसभा) और श्रम संबंधी स्थायी समिति के अध्यक्ष श्री भर्तृहरि महताब से नई दिल्ली में मुलाकात की ।
- माननीय सांसद (लोकसभा) श्री राजीव रंजन सिंह की अध्यक्षता में ऊर्जा संबंधी संसदीय स्थायी समिति के विशिष्ट सदस्यों ने 21 से 26 अगस्त, 2021 तक जम्मू और श्रीनगर का दौरा किया। समिति ने 24 अगस्त, 2021 को "हाइड्रो सेक्टर के विद्युत संयंत्रों के प्रदर्शन" पर विद्युत मंत्रालय और एनएचपीसी के अधिकारियों के साथ बैठक की। समिति ने एनएचपीसी के प्रदर्शन की सराहना की।
- राज्य सभा की अधीनस्थ विधान संबंधी समिति ने 19 अगस्त, 2021 को श्रीनगर में केंद्रीय विद्युत नियामक आयोग (व्यापार लाइसेंस और अन्य संबंधित मामलों के अनुदान के लिए प्रक्रिया, नियम और शर्तें) विनियम, 2020 पर एनएचपीसी के साथ चर्चा की।
- श्रम संबंधी संसदीय स्थायी समिति ने एनएचपीसी के साथ 25 अगस्त, 2021 को श्रीनगर में "केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में एनएचपीसी में अनुबंध/अनियत/स्वच्छता श्रमिकों की तैनाती और ऐसे श्रमिकों के कल्याण से संबंधित श्रम कानूनों के कार्यान्वयन” के संबंध में बैठक की। समिति ने ऐसे श्रमिकों के प्रबंधन के लिए एनएचपीसी की नीतियों और प्रणालियों पर संतोष व्यक्त किया।
- अध्यक्ष व प्रबंध निदेशक, एन एच पी सी ने दिनांक 29.08.2021 को जम्मू में माननीय केंद्रीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) भू-विज्ञान; राज्य मंत्री, प्रधानमंत्री कार्यालय, कार्मिक, लोक शिकायत, पेंशन, परमाणु ऊर्जा और अंतरिक्ष, डॉ जितेंद्र सिंह को एन एच पी सी की विभिन्न परियोजनाओं की स्थिति के बारे में अवगत कराया । माननीय मंत्री जी ने 30.08.2021 को 1856 मेगावाट सावलकोट, 540 मेगावाट क्वार जलविद्युत परियोजना और 850 मेगावाट रतले जलविद्युत परियोजनाओं के कार्यों की प्रगति और तत्संबंधी विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।
- 75वां स्वतंत्रता दिवस एनएचपीसी के सभी कार्यस्थलों में बड़े उत्साह के साथ मनाया गया ।
- एनएचपीसी आवासीय कॉलोनी, फरीदाबाद में 15.08.2021 को 'आजादी का अमृत महोत्सव' के तहत 'फिट इंडिया फ्रीडम रन 2.0' का आयोजन किया गया, जिसमें एनएचपीसी के कार्मिकों और उनके परिवारों ने बड़ी संख्या में भाग लिया ।
- चुटक पावर स्टेशन, मिंजी, कारगिल, लद्दाख को 03.08.2021 को आईएसओ 27001:2013 आईएसएमएस कार्यान्वित पावर स्टेशन के रूप में प्रमाणित किया गया है।
- निगम मुख्यालय में 07.08.2021 को राष्ट्रीय हथकरघा दिवस मनाया गया।

- एनएचपीसी ने 09.08.2021 को एनएचपीसी चौक, फरीदाबाद के नजदीक हरियाणा वन विभाग, फरीदाबाद के सहयोग से 'वन महोत्सव 2021' कार्यक्रम का आयोजन किया। कार्यक्रम के दौरान विभिन्न प्रजातियों के 700 से अधिक पौधे लगाए गए ।
- एनएचपीसी के सभी कार्यस्थलों में 19.08.2021 और 20.08.2021 को सद्भावना दिवस मनाया गया।
- 'विदेशी विद्युत क्षेत्र में सहयोग' के लिए एनएचपीसी और एनटीपीसी के बीच समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। यह समझौता ज्ञापन परियोजना विकास, क्षमता निर्माण, ओ एंड एम, विदेशों में आरएमयू और अन्य परामर्श कार्यों को करने में सुविधा प्रदान करेगा ।
- एनएचपीसी लिमिटेड और पीएफसी लिमिटेड के बीच 24.08.2021 को समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। यह जलविद्युत परियोजनाओं के विकास में एनएचपीसी के ऊर्जा पोर्टफोलियो के विस्तार और एनसीएलटी के माध्यम से परिसंपत्तियों के अधिग्रहण में सुविधा प्रदान करेगा
- एनएचपीसी के हजारों कार्मिकों, संविदा कर्मियों और उनके परिवारों ने आजादी का अमृत महोत्सव अभियान के तहत संस्कृति मंत्रालय द्वारा की गई पहल के फलस्वरूप राष्ट्रगान गायन में भाग लिया ।
- अगस्त 2021 माह के दौरान कुल राजस्व संग्रह 855.95 करोड़ रुपए है ।
- अगस्त माह 2021 के अंत तक एनएचपीसी के सभी पावर स्टेशनों का कुल विद्युत उत्पादन 14452.7 एमयू था। यद्यपि पहली तिमाही के अंत में पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 860 एमयू विद्युत उत्पादन कम था, तथापि हमने जुलाई और अगस्त में इस घाटे के महत्वपूर्ण हिस्से को पूरा कर लिया है।
- एनएचपीसी के स्पोर्ट्स स्कॉलरशिप योजना के अंतर्गत हमारे एलीट स्पोर्ट्स स्कॉलर में से एक श्री भरत जून ने एसबीसी एशियन यूथ एंड जूनियर बॉक्सिंग चैंपियनशिप में जूनियर बॉयज सेक्शन के 81 किग्रा श्रेणी में स्वर्ण पदक जीता है। हम युवा मुक्केबाज़ को बधाई देते हैं और आशा करते हैं कि वह देश को गौरवान्वित करते रहेंगे।
- एक अन्य एलीट स्पोर्ट्स स्कॉलर, श्री नवदीप ने जेवलिन थ्रो एफ-41 श्रेणी में टोक्यो 2020 पैरालंपिक खेलों में देश का प्रतिनिधित्व किया।

## मुख्य विशेषताएँ जुलाई 2021 के माह की

- संसदीय राजभाषा समिति की दूसरी उपसमिति ने क्रमशः 13.07.2021 और 14.07.2021 को लेह और श्रीनगर में एनएचपीसी की परियोजनाओं में राजभाषा कार्यान्वयन का निरीक्षण किया। उपसमिति ने एनएचपीसी द्वारा राजभाषा को बढ़ावा देने के लिए किए जा रहे अच्छे कार्यों की सराहना की।
- एनएचपीसी पावर स्टेशनों ने 25.07.2021 को 121.90 मिलियन यूनिट विद्युत का उत्पादन किया, जो अब तक का सबसे अधिक दैनिक उत्पादन है।
- जुलाई 2021 के दौरान, एनएचपीसी ने 3593 मिलियन यूनिट विद्युत उत्पादन कर, अपने स्थापना के बाद से अब तक का उच्चतम मासिक उत्पादन हासिल किया ।

- जुलाई 2021 के दौरान, कुल 675.49 करोड़ रुपए का राजस्व संग्रह किया गया ।
- जुलाई 2021 माह के अंत तक एनएचपीसी के सभी पावर स्टेशनों का कुल संचयी विद्युत उत्पादन 10935.7 मिलियन यूनिट रहा ।

## मुख्य विशेषताएं- जून 2021

- कोविड-19 महामारी के बावजूद, एनएचपीसी ने शानदार परिणाम देते हुए, रु. 3233 करोड़ का, अब तक का अपना उच्चतम वार्षिक लाभ दर्ज किया है ।
- बिहार के सुपौल जिले में 130.1 मेगावाट की डागमारा जलविद्युत परियोजना के कार्यान्वयन के लिए 14.06.2021 को बिहार स्टेट हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए है। श्री आर.के. सिंह, माननीय राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) विद्युत, नवीन व नवीकरणीय ऊर्जा एवं माननीय राज्य मंत्री कौशल विकास और उद्यमिता, भारत सरकार तथा श्री बिजेन्द्र प्रसाद यादव, माननीय ऊर्जा मंत्री, बिहार सरकार की गरिमामयी उपस्थिति में इस समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। यह परियोजना बिहार की सबसे बड़ी जलविद्युत परियोजना है और इसे स्वामित्व के आधार पर एनएचपीसी द्वारा क्रियान्वित किया जाएगा।
- 850 मेगावाट की रतले जलविद्युत परियोजना के कार्यान्वयन के लिए एनएचपीसी और जम्मू एंड कश्मीर स्टेट पावर डेवलपमेंट कार्पोरेशन लिमिटेड (जेकेएसपीडीसी) के बीच संयुक्त उद्यम "रतले हाइड्रोइलेक्ट्रिक पावर कॉर्पोरेशन लिमिटेड" को 01.06.2021 को निगमित किया गया है।
- निर्माणाधीन पार्बती-II परियोजना में मासिक एचआरटी उत्खनन 170 मीटर से अधिक हुई है और पिछले तीन महीनों में 500 मीटर से अधिक की उत्खनन की गई ।
- एनएचपीसी ने अपने सभी स्थानों पर 'विश्व पर्यावरण दिवस' बड़े उत्साह के साथ मनाया। इस अवसर पर बड़े पैमाने पर पौधरोपण अभियान चलाया गया।.
- एनएचपीसी ने 21.06.2021 को अपने सभी पावर स्टेशनों, परियोजनाओं और क्षेत्रीय कार्यालयों में 7वां अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस मनाया। इलेक्ट्रॉनिक और डिजिटल प्लेटफॉर्म ने कार्यक्रमों के दौरान एनएचपीसी के कर्मचारियों और उनके परिवार के सदस्यों की बड़े पैमाने पर भागीदारी सुनिश्चित की।
- एनएचपीसी के विभिन्न स्थानों पर कोविड टीकाकरण शिविर आयोजित किए गए हैं और अब तक लगभग 91% कर्मचारियों का टीकाकरण किया गया है।
- जून 2021 के दौरान कुल राजस्व संग्रह 389.21 करोड़ रूपए हुआ है।
- जून 2021 के अंत तक एनएचपीसी की सभी पावर स्टेशनों का कुल संचयी विद्युत उत्पादन 7342.39 मिलियन यूनिट रहा है।

## मुख्य विशेषताएं- मई 2021

- पार्बती-II जलविद्युत परियोजना में पिछले तीन महीनों में डीबीएम के मोर्चे पर मासिक प्रगति 100 मीटर से अधिक हो गई है और इस अवधि में डीबीएम से 352 मीटर उत्खनन हासिल किया गया है।
- ओडिशा के गंजाम जिले में हमारी प्रस्तावित 40 मेगावाट सौर पीवी परियोजना से विद्युत की खरीद के लिए पीपीए पर 19.05.2021 को ग्रिडको लिमिटेड के साथ हस्ताक्षर किए गए । दिनांक 24.05.2021 को ईपीसी अनुबंध भी अवार्ड कर दिया गया है।
- एनएचपीसी द्वारा दिनांक 7-8 मई, 18-19 मई और दिनांक 27 मई को तीन कोविड टीकाकरण शिविर आयोजित किए गए जिनमें विद्युत मंत्रालय/ नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्रालय और उनके अधीनस्थ विभिन्न संगठनों/ सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों के कार्मिकों और उनके परिवार के सदस्यों को टीका लगाया गया। इन शिविरों में कुल 1651 लोगों का टीकाकरण किया गया।
- तीस्ता-V पावर स्टेशन के युवा इंजीनियरों की टीम ने 420 केवी के जीआईएस सर्किट ब्रेकर को विभागीय रूप से ठीक करने का काम किया और इसे सफलतापूर्वक पूरा भी किया।
- 45 मेगावाट की निम्मों बाजगो पावर स्टेशन को सीडीएम, यूएनएफसीसीसी के अंतर्गत प्रमाणित किया गया है और इस कार्यक्रम के अंतर्गत प्रमाणित होने वाला चुटक पावर स्टेशन के बाद यह दूसरा पावर स्टेशन बन गया है।
- मई 2021 माह के दौरान, कुल राजस्व संग्रह 373.64 करोड़ रुपये रहा है।e.
- मई 2021 माह के अंत तक एनएचपीसी के सभी पावर स्टेशनों का कुल संचयी विद्युत उत्पादन 4245 एमयू हुआ है। नदियों में कम प्रवाह के कारण हमारे संयंत्रों से उत्पादन पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ा है।

## मुख्य विशेषताएं- अप्रैल 2021

- एनएचपीसी कर्मचारी सामाजिक सुरक्षा योजना को सुदृढ़ किया गया है जिसमें अब, किसी भी कर्मचारी की स्थायी अक्षमता / मृत्यु की दुर्भाग्यपूर्ण घटना में , कर्मचारी / मृतक कर्मचारी के परिवार को 30 लाख रुपए से लेकर 40 लाख रुपए तक वित्तीय सहायता प्रदान किए जाएंगे।
- श्री आलोक कुमार, सचिव (विद्युत) ने तीस्ता बेसिन में 1.04.21 से 04.04.2021 तक एनएचपीसी परियोजनाओं का दौरा किया। उन्होंने तीस्ता-V और टीएलडी-IV पावर स्टेशन में संचालन गतिविधियों के साथ-साथ तीस्ता-VI परियोजना में चल रही निर्माण गतिविधियों में गहरी रुचि दिखाई। भारत सरकार के सचिव (विद्युत) के रूप में कार्यभार संभालने के बाद श्री आलोक कुमार का यह पहला दौरा था।
- सीएमडी निदेशक (परियोजनाएं) के साथ 22.04.2021 से 24.04.2021 तक सुबनसिरी लोअर परियोजना का दौरा किया और परियोजना टीम और ठेकेदारों के साथ कार्य की प्रगति को तेज करने के लिए चर्चा की। जैसा कि सुबनसिरी लोअर हर किसी के रडार में है और परियोजना के कार्यों की प्रगति को उच्चतम स्तरों पर निगरानी रखी जा रही है, परियोजना को शुरू करने के लिए समयसीमा का पालन करने के लिए हर संभव प्रयास सुनिश्चित किए जा रहे हैं।
- पार्बती - II जलविद्युत परियोजना में चालू माह में 182 मीटर से अधिक एचआरटी उत्खनन कार्य किया गया है।

- एनएचपीसी के सभी स्थानों पर भारत रत्न बाबासाहेब डॉ. भीमराव अम्बेडकर की 130वीं जयंती मनाई गई और इस महान आत्मा को ससम्मान श्रद्धा सुमन अर्पित की गई। निगम मुख्यालय में जयंती मनाने के लिए एक विशेष कार्यक्रम दिनांक 15.04.2021 को आयोजित किया गया, जिसमें श्री सुनील शास्त्री, पूर्व मंत्री और पूर्व सांसद (राज्य सभा) ने मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर कार्यक्रम की शोभा बढ़ाई।
- एनएचपीसी की आगामी परियोजनाओं के लिए संविदाकारों की बैठक दिनांक 07.04.2021 को वीडियो कॉन्रेंप सिंग के माध्यम से निगम मुख्यालय में आयोजित की गई। भारत तथा विदेश में जलविद्युत परियोजनाओं के निष्पादन में शामिल कई प्रमुख संगठनों के प्रतिनिधियों ने इस बैठक में भाग लिया। बैठक के दौरान, इन परियोजनाओं के शीघ्र कार्यान्वयन और विभिन्न एजेंसियों द्वारा निविदा प्रक्रिया में व्यापक भागीदारी के सुझावों पर प्रमुखत: से चर्चा की गई।
- अप्रैल 2021 माह के दौरान, लाभार्थियों से 350.75 करोड़ रुपए प्राप्त किए गए।
- अप्रैल 2021 माह के अंत तक, एनएचपीसी के सभी पावर स्टेशनों का कुल संचयी विद्युत उत्पादन 1644.3 मिलियन यूनिट रहा है।